तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार, 22 सितंबर 2024


13 दवा से नहीं मरे कीट, चौपट हो गई 35 एकड़ की फसल

14 स्वच्छता स्वस्थ व सुंदर जीवन का आधार, हमारे...




## खबर संक्षेप

### राज्यस्तरीय कबड्डी के लिए सिद्धांत का चयन



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदीपाट के छात्र और ग्राम गोडेला निवासी सिद्धांत साहू का चयन राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दुर्ग संभाग से अंडर 17 के लिए उनका चयन हुआ है। सिद्धांत बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने 20 सितंबर को रवाना हुए। सिद्धांत के साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद के छात्र समीर कोसरे का भी चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुआ है। इनकी उपलब्धि पर उनके माता लेमिन साहू पिता भोज साहू अर्चना चौरे प्रभारी प्राचार्य महेश यादव व्यायाम शिक्षक राहुद भोजेन्द्र चंद्राकार व्यायाम शिक्षक मोहंदीपाठ चंद्रहास साहू सहित ग्रामीणों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### शराब की अवैध बिक्री करते युवक पकड़ाया

**बालोद।** शहर में शराब की अवैध बिक्री फिर से जोरों पर हो रही है। कोतवाली पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 18 नग देशी पौवा जब्त कर धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 6 महावीर स्कूल के पीछे पाण्डेपारा निवासी शुभम देवांगन आमापारा के बरगद झाड़ के पास शराब की अवैध बिक्री कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे शुभम को गिरफ्तार किया।

### ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक आज

**गुरूर।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक 22 सितंबर को ग्राम पंचायत कोलियामार में सुबह 11 बजे रखी गई है। ब्लाक अध्यक्ष जोहर लाल साहू, परमानंद देवदास ने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### बालोद में होगी अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता

**बालोद।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के क्रीड़ा अधिकारी मनीष टोप्पो के पहल पर हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग ने बालोद को क्रॉस कंट्री दौड़ का दायित्व सौंपा। इसके तहत पहली बार बालोद जिले मे 10 किलोमीटर क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन ▶▶ शेष पेज 12 पर

### विरोध : जिला मुख्यालय में सुबह बंद रहीं दुकानें, दोपहर बाद खुले

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत, जिला कांग्रेस ने कराया बंद, निकाली बाइक रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



शनिवार को कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश बंद का आह्वान किया गया, जिसका असर जिले में भी देखने को मिला। कांग्रेस कार्यकर्ता जिले के तमाम नगरीय निकायों में बाइक रैली निकाल कर जिला बंद कराने निकले। वहीं, प्रदेश सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई।

जिला मुख्यालय में भी व्यापारियों ने कांग्रेस के बंद के आह्वान को समर्थन देते हुए दुकानें बंद रखीं। नगर मे विधायक संगीता सिन्हा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल कर नगर का भ्रमण किया। हालांकि दोपहर बाद दुकानें खुलनी शुरू हो गईं। जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले में हुए हिंसा को लेकर प्रदेश भर में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए और पुलिस हिरासत में हुई एक ▶▶ शेष पेज 12 पर

### व्यापारी संघ ने दिया समर्थन, बंद रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठान

**गुण्डरदेही।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ बंद के आव्हान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू के नेतृत्व में गुण्डरदेही नगर बंद कराया गया। व्यापारी संघ का समर्थन मिलने से व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गृहमंत्री के गृह जिला कवर्धा के ग्राम लोहारीडीही में विगत दिनों हुई हत्या, आगजनी एवं विचाराधीन बंदी प्रशांत साहू की पुलिस हिरासत में हुई मौत से पूरे प्रदेश में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। चारों ओर लूट-हत्या, बलात्कार की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने में राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल है। उन्होंने सरकार से राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाए की मांग की है। उन्होंने कवर्धा में पुलिस हिरासत में हुई मौत के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। बंद के दौरान संजय साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, डॉ मानसिंह सार्वा, पुष्पेंद्र तिवारी, विधायक प्रतिनिधि तरुण पारकर, सुनील चंद्राकर, महामंत्री मोंटू चंद्राकर, जोन अध्यक्ष सलीम खान सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।



गुंडरदेही में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज के नेतृत्व में किया गया प्रदर्शन

### डोंडी में दोपहर तक बंद रहीं दुकानें



**डोंडी।** कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया। इसी कड़ी में डौंडी ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर नगर के व्यापारियों से दुकानें 12 बजे तक बंद रखने की अपील की। सड़क पर उतरे कांग्रेस जन पीयूष सोनी, कॉमेश कौराम, कैलाश राजपूत, रेवा रावटे, रविकांत देशमुख ने बताया कि कवर्धा जिले के बोडला विकासखंड अंतर्गत रेंगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम लोहाराडीह में हुई हत्या आगजनी एवं पुलिस की बेरहमी पिटाई से लगातार हुई मौत के कारण प्रदेश में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कवर्धा में पुलिस प्रताड़ना से मौत होने का आरोप लगाते हुए मामले में दोषियों पर कारवाई की मांग की। उधर, शनिवार को डौंडी नगर का साप्ताहिक बाजार होने के बावजूद अधिकांश व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। वहीं, अनेक व्यापारियों का कहना था कि इस विषय में एक दिन पूर्व मुनादी सूचना देकर व्यापार बंद रखवाना था, ताकि बंद को लेकर असमंजस की स्थिति नहीं बनती। व्यापारी संघ अध्यक्ष को भी इस बंद मामले में अपनी राय से समस्त व्यापारियों को अवगत कराया जाना चाहिए था।

### कांग्रेस नेताओं ने निकाली रैली, व्यापारियों से मांगा समर्थन



**गुरूर।** प्रदेश कांग्रेस के छत्तीसगढ़ बंद का असर नगर में भी देखने को मिला। प्रातः से ही आधे से अधिक दुकानें स्वतः बंद रहीं, जो खुली वे भी बंद हो गई। बंद के समर्थन में विधायक संगीता सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जीवराखन साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैलेश मोनू ठाकुर, डॉ ओकार महमल्ला, डॉ किशोर साहू, बसंत साहू, दुर्गुराम के साथ कांग्रेस कार्यकताओं ने रैली निकाली एवं दुकानदारों से समर्थन मांगा। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की नौ माह की सरकार में अराजकता, भय का वातावरण है। बहन, बेटियों के साथ युवा भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां तक कि सरकारी कार्यालय भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन मनमानी कर रहा है। निर्दोषों को फंसाया जा रहा है, जबकि दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## नेशनल लोक अदालत में हजारों प्रकरणों का किया गया निराकरण

### लोक अदालत के लिए गणित नौ खंडपीठों में प्रकरणों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बालोद जिले के सभी न्यायालयों में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गए। इस दौरान कुल लंबित प्रकरण 2410 रखे गये थे, जिसमें कुल 2142 लंबित प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया।

प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी






आफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया। इस सिलसिले में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, चीफ जस्टिस, ▶▶ शेष पेज 12 पर

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हुई मैराथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन नगर पंचायत डौंडीलोहारा के तत्वावधान में कराए जा रहे हैं। इसके तहत 21 सितंबर को नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद शास उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शासकीय बालक



पूर्व माध्यमिक शाला, सरस्वती शिशु मंदिर, प्रगति उ.मा. विद्यालय, आनंद पब्लिक स्कूल, ज्ञानदीप एजुकेशन एकेडमी,शा.पीएम श्री प्राथ शाला, शा.प्राथ शाला टिकरापारा, के बच्चों ने स्वच्छ मैराथन महोत्सव में भाग लिया। बच्चों ने इसके तहत स्वच्छता का संदेश देते हुए वनोपज जांच नाका संजय नगर से सांईधाम मंदिर तक मैराथन दौड़ आयोजन किया गया। उक्त दौड़ को नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष विद्या शर्मा, मायाजयेश ठाकुर पार्षद वार्ड क्र. 06, शिवनाथ बघेल, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), अशोक चौबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, महेन्द्र साहू, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, एवं समस्त स्कूलों के शिक्षकगण एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वार्ड वासियों को विभिन्न गतिविधियों द्वारा स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## मुख्य मार्ग पर टूटा नाली का स्लैब, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

यह तस्वीर शहर के स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम स्कूल के ठीक सामने और सरदार पटेल मैदान के गेट का है। जहां भारी भरकम मालवाहक वाहनों के दबाव से गेट के पास नाली के ऊपर बना स्लैब टूट चुका है और उसमें लगी छड़ बाहर निकल आई है। स्थिति यह है



कि लोग जान जोखिम में डालकर इस जगह ▶▶ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार करें मंत्री और निलंबित हो तहसीलदार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, तहसीलदारों के तबादला में लेनदेन का आरोप



लगाने वाले तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार मंत्री करें और निलंबन तहसीलदार का किया जाना बेहद ही दुर्भाग्य जनक है। भाजपा सरकार में कमीशनखोर, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण मिलता है। जिस प्रकार से मोटी रकम लेकर तहसीलदारों के ट्रांसफर, नियम को ताक पर रख कर किया गया। ट्रांसफर पोस्टिंग में मंत्री की अवैध उगाही की पोल खुलने के बाद मंत्री को बचाने के लिए बेगुनाह और हक की आवाज उठाने वाले तहसीलदार को निलंबित किया गया है। श्री शुक्ला ने कहा, टंकराम वर्मा में नैतिकता होती, तो आरोप लगने के बाद पद से इस्तीफा देते और जब आरोप मुक्त हो जाते, तब वह मंत्री का पद ग्रहण करते।

### गुण्डाधूर और भंजदेव सम्मान के लिए आवेदन 25 तक

रायपुर। राज्य के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ियों से गुण्डाधूर और प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान वर्ष 2024-25 हेतु 25 सितंबर तक आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए गए हैं। खिलाड़ियों के निर्धारित प्रपत्र में आवेदन एवं अनुशंसा, संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जीई रोड रायपुर अथवा खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्रस्तुत किया जा सकता है। गुण्डाधूर सम्मान और प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान के लिए चयनित खिलाड़ियों को एक-एक लाख रुपए नकद, अलंकरण फलक, प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी एवं आवेदन की प्रक्रिया खेल विभाग की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### निगम आयुक्त ने किया बूढ़ातालाब का निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेल के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब, स्वामी विवेकानंद सरोवर के रखरखाव, सौंदर्यीकरण व जल शुद्धिकरण से जुड़े प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री मिश्रा ने परिसर में मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस पूरे परिसर का रखरखाव कर रही पर्यटन मंडल की एजेंसी एमएमटी वाटर स्पोर्ट्स लिमिटेड को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं का रीव्यू करें एवं बिजली, प्रकाश, प्रसाधन, सफाई व उपकरणों सहित परिसर के रखरखाव पर ध्यान दें एवं सुनिश्चित करें कि यहां आने वाले नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, ननि के अपर आयुक्त विनोद पांडेय, जोन-6 कमिश्नर रमेश जायसवाल, महाप्रबंधक (ई एंड टी) पीके पंचायती, डिप्टी मैनेजर अंशुल शर्मा समेत निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

### एससी-एसटी एम्प. एसो. इस्पात मंत्री से मिला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिनिधिमंडल ने इस्पात मंत्री को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि सेल में डायरेक्टर के पद पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो सकी है इन वर्गों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। उन्हें खराब ग्रेडिंग दी जाती है जिससे उनके पदोन्नति पर उनके कमजोर ग्रेडिंग का असर पड़ता है। ग्रेडिंग पर सुधारा जाए। बीएसपी में स्थानीय बेरोजगारों की भर्ती, सेल में अंबेडकर अवार्ड प्रदान करने की शुरुआत की जाए। इस पर सेल कॉरपोरेट ऑफिस ने सहर्ष सहमति दी है परंतु अभी तक इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। हमारी मांग है कि इस पर अमल करने हेतु निर्देशित किया जाए। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी व अधिकारियों को विदेश में शिक्षक प्रशिक्षण हेतु भेजा जाए व देश की संपत्ति का अंधाधुंध निजीकरण ना किया जाए।

# शिक्षकों व ग्रामीणों की पहल से बदल रही शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द की दशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/कलंगपुर

विकासखण्ड गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम भरदाखुर्द में शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में शाला प्रबंधन समिति, शिक्षक स्टॉफ, पालकगण एवं ग्रामीणजनों की सहायता से शाला प्रांगण व शिक्षण कक्ष का दृश्य बदला–बदला सा नज़र आने लगा है।

बच्चों में शिक्षा के प्रति विशेष रुचि जागृत करने के लिए प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू व स्टॉफ ने पिछले सत्र 2023–24 में ही इसकी बुनियाद रख कार्य करना शुरू कर दिया था। समुदाय के लोगों से मिलना–जुलना, उन्हें विद्यालय के संबंध में जानकारी देना, उसके लिए तन–मन–धन से आशीर्वाद प्राप्त करना, समुदाय के लोगों को शाला की विभिन्न गतिविधियों में शामिल करना, जिससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षक, पालक व बालक के मध्य नजदीकियाँ पनपने लगी हैं और शाला के सौंदर्यीकरण हेतु समुदाय से सहयोग के रूप में राशि भी आने लगी है। इससे लगभग पचास हजार रुपये की राशि इकट्ठी हो गई है। उक्त राशि का सदुपयोग कर शाला प्रांगण, शिक्षण कक्ष, आहाता पर सभी विषयों से संबंधित कलाकृति, वातावरण निर्माण कार्य किया गया। शाला भवन में कलाकृति निर्माण होने से बच्चों का चेहरा खिला–खिला सा नजर आ रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणजन भी अपने शाला भवन की सुंदरता देखकर हर्ष व्याप्त है।

## शिक्षा के लिए बच्चों को प्रेरित करने किए जा रहे विविध कार्य

### बच्चे पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी ले रहे हिस्सा

शाला में कलाकृति निर्माण होने से हर्षोल्ल्लास के साथ बच्चे शाला में दस्तक देने लगे हैं और मन लगाकर अध्ययन कार्य व शाला की विभिन्न गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ग्रामीणजनों की दानशीलता व श्रमदान तथा शाला की सुंदरता से प्रभावित होकर आसपास के स्कूलों के शिक्षकों द्वारा भी इस प्रकार से सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं व कार्यरूप में परिणित भी किये जा रहे हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एनके यादव, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर व केआर साहू तथा संकुल समन्वयक सुरेश चन्द्राकर, सरपंच राजकुमारी साहू एवं शाला प्रबंधन समिति और ग्रामीणजनों ने प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू व शिक्षक स्टॉफ द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रशंसा की।




## बीस बेड में विकसित होगा न्यू बोर्न बेबी के लिए आधुनिक सुविधाओं वाला वार्ड

# नवजातों की देखभाल के लिए पांच नए जिला अस्पतालों में विकसित होंगे एसएनसीयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नए जिलों में जन्म लेने वाले नवजातों को होने वाली किसी भी त्वरित शारीरिक समस्या के लिए पांच नए जिला के डिस्ट्रिक हास्पिटल में एसएनसीयू की सुविधा दी जाएगी। शिशु रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की मौजूदगी में यहां आधुनिक सुविधाओं का वाला वार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए पांचों नए जिलों से आधुनिक वार्ड बनाने स्थल चयन कर प्रस्ताव मांगा गया है।

सूत्रों के अनुसार जन्म लेने के दौरान बच्चों को कई बार गंभीर तरह की शारीरिक समस्या हो जाती है। इसका त्वरित और आधुनिक तरीके से उपचाार मिलने से होने वाली शिशु मृत्युदर को टाला जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए अस्तित्व में आए पांच नए जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, मोहला-मानपुर चौकी, भरतपुर-मनेन्द्रगढ़, खैरागढ़-छुईखदान तथा सक्ती जिले के डिस्ट्रिक हास्पिटल में एसएनसीयू बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। सूत्रों के अनुसार इसके लिए इन जिलों से डिस्ट्रिक हास्पिटल अथवा उचित हेल्थ सेंटर को चिन्हित कर एसएनसीयू विकसित करने का प्रस्ताव मांगा गया है। योजना के तहत एसएनसीयू बीस बेड की सुविधाओं वाला आधुनिक वार्ड होगा। यहां जरूरी उपकरण रखे जाएंगे, जिससे आपात स्थिति में इलाज के लिए आने वाले शिशुओं को आवश्यक उपचार की सुविधा विकसित कराई जा सके। अधिकारियों के मुताबिक केंद्रीय गाइडलाइन के तहत सभी जिलों में इस विशेष एसएनसीयू होना आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखकर भी इस योजना को पूरा किया जा रहा है। यहां इलाज के लिए आने वाले बच्चों के इलाज के लिए शिशु रोग चिकित्सक के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को तैनात किया जाएगा। यहां व्यवस्था जिला स्तर पर पूरी की जाएगी।

### शिशु मृत्युदर में आएगी कमी



### कालीबाड़ी में काम कर रहा एसएनसीयू

रायपुर जिले में नवजात बच्चों की देखभाल और आवश्यक इलाज के लिए कालीबाड़ी और आंबेडकर अस्पताल में एसएनसीयू काम कर रहा है। दोनों स्थानों पर प्रसव के दौरान न्यू बोर्न बेबी को होने वाली किसी भी समस्या के इलाज के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इस विशेष नवजात शिशु चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू) में शिशुरोग विशेषज्ञों के साथ मेडिकल ऑफिसर और ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया जाता है।

### कोविडकाल के पीआईसीयू का भी होगा उपयोग

कोरोना की तीसरी लहर छोटे बच्चों के लिए घातक साबित होने की आशंका थी। इसे रोकने के लिए सभी जिला अस्पतालों में पीआईसीयू बनाए गए थे। सुविधा जुटाने के लिए सभी जिलों को बड़ा फंड दिया गया था। सूत्रों का कहना है, पीआईसीयू तो बन गए, मगर उनकी आवश्यकता नहीं पड़ी। तभी से यह आपात चिकित्सा इकाई बिना उपयोग के पड़ी है। आने वाले दिनों में इसका उपयोग बड़े बच्चों के इलाज के लिए किया जाए, इसके लिए काम शुरू किया जा रहा है।

### योजना पर चल रहा काम

एसएनसीयू के माध्यम से नवजात शिशुओं को आवश्यक उपचार प्रदान किया जाता है। इसका निर्माण सभी जिला अस्पतालों में किया जाना है, जिसमें नवगठित जिले शामिल हैं।

- डॉ. वीआर भगत,
नोडल अफसर,
शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम

# किल्लेकोड़ा में हुई डांस स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

ग्राम किल्लेकोड़ा में नवयुवक गणेश उत्सव समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष ठाकुर समाजसेवी थे, अध्यक्षता ललिता गांवरे सरपंच किल्लेकोड़ा ने की। विशेष अतिथि केआर पिस्दा पूर्व कलेक्टर, छन्नू लाल भंडारी, योधन लाल कोलियारा, रामधीन, श्याम सिंह शोरी, अधन लाल सिन्हा, मंगल सिंह गांवरे सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर केआर पिस्दा ने कहा कि डांस प्रतियोगिता व्यक्तियों को जोड़ने का अच्छा माध्यम है। ललिता गांवरे ने कहा कि डांस प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों में गांव के प्रति एक रूपता देखने को मिलती है। संजय बैस ने कहा कि यह प्रतियोगिता लोगों को आनंदित करने का एक अच्छा माध्यम है। संतोष ठाकुर ने मुख्य अतिथि के आसंदी पर बोलते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में लोगों को भीड़ इतनी अधिक है कि उन्हें देखकर उनकी दीवानगी का पता चलता है कि वे लोग कैसे उत्साहित रहते हैं।

**इन्होंने मारी बाजी–** इस प्रतियोगिता में लगभग 33 टीमों में भाग लिया। एकल नृत्य में पीहू नूरेटी प्रथम, धनेश्वर साहू द्वितीय धोतीमटोला, कमलेश कुमार लुरकाझर तृतीय स्थान प्राप्त किये। इसी प्रकार युगल नृत्य में मिताली एवं दामिनी गंधरी प्रथम, टामिन एवं साथी द्वितीय, हर्षाली एवं साथी तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान पर मोरिया मानक ग्रुप किल्लेकोडा, कविता एवं साथी गुरामी द्वितीय तथा पीहू एवं दिशा भुआर्य किल्लेकोडा तृतीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरस्कृत डॉ बीएल साहसी व्याख्याता ने किया।

## विकास मरकाम बोले

# कांग्रेस खुद नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता के बयान, जिसमें उन्होंने नक्सलवाद पर भाजपा को नाकाम बताने की कोशिश की थी, पर कहा, पहले तो कांग्रेस को नक्सलवाद पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि ये खुद नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक है। हर बार नक्सली कार्रवाई पर पहला विलाप कांग्रेसियों का ही आता है। इस बार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा नक्सल पीड़ित परिवारजनों को केंद्रीय गृहमंत्री से मिलवाने पर कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है।



श्री मरकाम ने बताया, 16 अप्रैल को सुरक्षा बलों के एक बड़े ऑपरेशन में कुख्यात नक्सली कमांडर समेत 29 दुर्दांत नक्सली ढेर हो जाते हैं, तब इनके नेता भूपेश बघेल सुरक्षा बलों की पीठ थपथपाने के बजाए कहते हैं, भाजपा शासनकाल में फर्जी नक्सली मुठभेड़ होती हैं। बीते चार महीनों के दौरान ऐसे मामले बढ़े हैं। बस्तर में पुलिस पर आरोप लगाते हैं कि भोले-भाले आदिवासियों को डराती है।

जैसे ही उनके बयान की चौतरफा आलोचना शुरू हुई, उन्होंने इससे पल्ला झाड़ सुरक्षा बलों की तारीफ की। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत नक्सलियों को महिमामंडित करने का काम करती दिखती हैं, वह मारे गए नक्सलियों को शहीद बताती हैं। 25 लाख के इनामी नक्सली के ढेर होने पर कांग्रेस कहती है जो शहीद हुए हैं उनकी जांच होनी चाहिए।

# एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी और परिजन गृहमंत्री के बंगले के बाहर धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी एक पखवाड़ा से ज्यादा समय से आंदोलन कर रहे हैं। एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी परिजन सैकड़ों की संख्या में गुरुवार को गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास में घरना देने के लिए पहुंचे।

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के मुताबिक गृहमंत्री विजय शर्मा ने 20 दिन पूर्व उन्हें जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था। गृहमंत्री के आश्वासन के बाद भी अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। इसके चलते अभ्यर्थी निराश तथा हताश हैं और रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि सरकार जल्द से जल्द रिजल्ट जारी नहीं करेगी, तो वे इसी तरह से



धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### तूता में प्रदर्शन जारी

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी तूता स्थित धरना स्थल में आमरण अनशन के साथ भूख हड़ताल कर रहे हैं। तूता में पूर्व सैनिक एसआई अभ्यर्थी भीखम लाल साहू, जयमोहन प्रधान, श्रद्धा कर्ष के साथ 30 के करीब अभ्यर्थी आमरण अनशन कर रहे हैं। गौरतलब है कि एसआई भर्ती परीक्षा के दो दर्जन से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पिछले दिनों मरीन ड्राइव में रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर मुंडन कराया था।

# निकाय चुनाव : मतदाता सूची में नाम न दोहराएं, मृत लोगों के नाम हटाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्थानीय निकायों के निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली प्रेक्षकों की ब्रीफिंग में कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता का आधार है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सूची में कोई नाम दोहराया न जाए, मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए आज विशेष ब्रीफिंग का आयोजन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य नामावली में संभावित त्रुटियों को दूर करना और सभी योग्य मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज करना है ताकि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से आयोजित हो सके। आयुक्त अजय सिंह ने निर्धारित समय सीमा में मतदाता सूची शुद्ध एवं त्रुटि पूर्ण बनाने की निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी प्रेक्षकों से कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में ईआरओ तथा एईआरओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का समय पर निरीक्षण करते रहें और यदि आपको आवंटित जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम में किसी भी चरण में जिले में नियमों, निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है तो इसकी सूचना संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी तथा आयोग को तत्काल प्रदान कर समाधान प्राप्त करें।




### किनके नाम जोड़ना और हटाना है

ब्रीफिंग में निर्वाचक प्रेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी अहम भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे मतदाता सूची की जांच और सुधार प्रक्रिया में पूरी सतर्कता बरतें। यह सुनिश्चित किया जाए कि सूची में कोई नाम दोहराया न जाए, मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं, और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। आयोग द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया की 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता का नाम सूची में आवश्यक रूप से जोड़ा जाए। तथा जिला स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### सचिव ने कही ये बात

आयोग के सचिव डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि जिला स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर राज्य निर्वाचन आयोग से संपर्क कर समाधान लिया जा सकता है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया का शत प्रतिशत पालन करें तथा किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति निर्मित ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा दी गई जिम्मेदारी का गंभीरता पूर्वक पालन करें। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग की उपसचिव डॉ. नेहा कपूर एवं आलोक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### पुलिस हिरासत में...

युवक की मौत के बाद प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव में पांच दिनों के भीतर तीन ग्रामीणों की मौत हो गई। इसमें से एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने जिंदा जलाया, जबकि उसी मामले में हिरासत में लिए गए एक युवक की मौत पुलिस कस्टडी में हुई और युवक के शरीर में चोट के निशान होने से परिजन व ग्रामीण पुलिस के मारपीट से मौत होना बताया। इस पूरे मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

**प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, गृह मंत्री इस्तीफा दे : चन्द्रप्रभा–** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि 9 माह की भाजपा सरकार में हर महीने लूट, हत्या, बलात्कार और चाकूबाजी की घटनाएं हो रही हैं। इससे प्रदेश की जनता भयभीत है। प्रदेश में माहौल खराब है, यहां महिलाएं, बच्चे और युवा कोई सुरक्षित नहीं है। कवर्धा मामले में पुलिस प्रशासन ने प्रशांत साहू के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की है, जिससे उसकी मौत हुई है। गृहमंत्री से उनका गृह जिला संभल नहीं रहा है। भाजपा सरकार में पुलिस विभाग लचर नीति है, भाजपा के कुशासन से प्रदेश में भय की स्थिति है। कबीरधाम की घटना सरकार की नाकामी को दर्शाती है, सरकार कानून व्यवस्था को सुधारे, या मुख्यमंत्री और गृहमंत्री इस्तीफा दे दें, क्योंकि ये प्रदेश में शासन नहीं चला पा रहे हैं।

### बालोद में होगी अंतर...

किया जाएगा। दौड़ में बेमेतरा, दुर्ग, कवर्धा, राजनांदगांव, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ एवं बालोद जिले के महाविद्यालय के सैकड़ों पुरुष, महिला धावक भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य फिट इंडिया मुहिम के तहत युवाओं को स्वस्थ एवं सेना और एथलेटिक्स में प्रोत्साहन देना है।

जनभागीदारी अध्यक्ष अमित चोपड़ा, प्राचार्य, जे.के खलखो, स्पोर्ट्स समिति के सामनवक, सदस्य सी.डी मनिकपुरी, जीएन खरे, आरडी साहू, तुला राम ठाकुर, लोमन टंडन, ऋतु पिस्दा ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नेशनल लोक अदालत...

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किये जाने के लिए प्रेरित किया।इसी तारतम्य में प्रधान जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न बालोद के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए न्यायालयों में कुल 09 खण्डपीठ का गठन किया गया।

इस लोक अदालत में, लंबित सिविल एवं दांडिक प्रकरण, प्री–लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 28912 प्रकरण रखा गया, जिसमें 25739 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति व सुलह समझौता करने वालों पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधा वितरण किया गया।

**किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण–** नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में आये पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस नेशनल लोक अदालत में बालोद बाजार के द्वारा स्टॉल भी रखा गया, जिसमें गांव के महिला समूह के द्वारा घरेलू उद्योगों का प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर बिहान समूह द्वारा हथकरघा कपड़े, अचार, पापड़ आदि के स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान विधि महाविद्यालय बालोद के छात्रों को लोक अदालत का भ्रमण कराया गया।

### मुख्य मार्ग पर...

को पार करने मजबूर हैं। बीते दो दिनों से रात के समय पैदल तथा मोटरसाइकिल में चलने वाले लोग इस गड्ढे में गिरते दिखे हैं। आपको बता दें कि इस जगह से रोजाना दर्जनों बाइक चालक और पैदल चलने वाले लोग आवागमन करते हैं, अगर वक्त रहते इसे सुधार नहीं किया गया, तो बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। नगर पालिका प्रशासन को इस जानलेवा गड्ढे को सुधारने की आवश्यकता है।

# पीएचई में इंजीनियर्स सहित 181 पदों पर भर्ती का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में इंजीनियर्स सहित अन्य पदों पर भर्ती को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से 181 रिक्त पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। नई भर्ती से विभाग के कामकाज की गुणवत्ता में सुधार के साथ पेयजल व्यवस्था भी बेहतर होगी।

पीएचई विभाग में उप अभियंता, अनुरेखक, सहायक ग्रेड-3 सहित विभिन्न रिक्त पदों को भरने के प्रस्ताव को वित्त विभाग से स्वीकृति मिल गई है। इसमें उप अभियंता (सिविल) के 118, उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) के 10, अनुरेखक के 37, सहायक ग्रेड-3 के 02, केमिस्ट के 12 और वाहन चालक के 02 पद शामिल हैं। बताया गया है कि नई भर्तियां न केवल विभाग की कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि इससे नागरिक सेवाओं में भी सुधार होगा एवं योजनाओं को निर्धारित समय में पूरा किया जा सकेगा। पेयजल की गुणवत्ता और आपूर्ति व्यवस्था भी बेहतर होगी। नल जल जैसी फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सकेगा और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को निरंतर एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में सुगमता होगी।

## खबर संक्षेप



### दैनिक कर्मचारी संघ करकाभाट के अध्यक्ष चुने गए अनुज

गुरुर। दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना में 20 सितंबर को दैनिक कर्मचारी संघ करकाभाट के अध्यक्ष पद का उप चुनाव किया गया, जिसमें अनुज यादव को अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन अधिकारी भगत राणा, हिरापन्ना मिर्च, परशुराम मंडल, दीनदयाल सिन्हा, सीएच शंकर राव, फनीश साहू ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी अनुज यादव, टिकेश्वर साहू, संतोष राजपूत, महेंद्र सिन्हा थे। कुल 122 मतदान हुआ। अनुज यादव 40 मत के साथ विजयी हुए। विजयी प्रत्याशी को विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बल्लाराम साहू, हेमलाल नेताम, मनोज सिन्हा, महासचिव विरेंद्र गोयल, उप महासचिव खम्भन डडसेना, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, सचिव नारायण साहू, सह सचिव रामप्रसाद कोर्राम सलाहकार ने हर्ष व्यक्त किया।

### त्रैमासिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर बच्चों से की गई चर्चा



बालोद। हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल में आगामी दिनों होने वाले त्रैमासिक परीक्षा को लेकर जिला भाजपा के महामंत्री राकेश यादव (छोटू) ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडी के बच्चों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर परीक्षा अपने आप में महत्वपूर्ण होती है। श्री यादव ने कहा कि विद्यार्थी असफल वहां होता है, जब वह यह सोचता है कि जब वार्षिक का पेपर होगा उसी समय हम पढ़ाई कर लेंगे, जबकि जिस दिन बच्चा स्कूल में एडमिशन लेता है या साल का प्रथम दिन होता है, उसी दिन से जो बच्चा पढ़ाई करना, अध्ययन, संकल्प, जिज्ञासा और अपने मन एकाग्र कर जो पढ़ता है, वही बच्चा आगे बढ़ता है, वही टॉप करता है। वही अपने मां-बाप का नाम रोशन करता है। त्रैमासिक परीक्षा हो या अर्धवार्षिक परीक्षा हो या वार्षिक परीक्षा हो हमें हर परीक्षा की तैयारी अंतिम लक्ष्य मान कर करना चाहिए। जन भागीदारी के अध्यक्ष दानेश्वर मिश्रा ने त्रैमासिक परीक्षा में भी प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए पुरस्कार की घोषणा की। इस सेमिनार में स्कूल के प्राचार्य नंद के साथ सभी बच्चे एवं स्टाफ उपस्थित रहे। बच्चों ने भी इस दौरान कई प्रश्न किए, जिनका समाधान किया गया।

## निधन

### रोहित देशमुख



बालोद। ग्राम सलौनी (मोंगरी) निवासी 55 वर्षीय रोहित देशमुख का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित शमशान घाट में किया गया। वे भरत, गोकुल, पारत, केदार देशमुख के भाई थे।

### डोमेश्वर कुमार साहू



गुरूर। ग्राम बासीन निवासी डोमेश्वर कुमार साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सीताराम साहू, सुशीला साहू के बेटे थे।

# नवरात्रि की तैयारी तेज, प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

**देवी मंदिरों के साथ ही प्रतिमा स्थापना के लिए सजाए जा रहे पंडाल**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

आगामी दस दिनों बाद शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 3 अक्टूबर से होने जा रही है। मूर्तिकारों द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा को तैयार करने का काम तेज गति से कर रहे हैं। कई मूर्तिकार माता की मूर्तियों को पूरी तरह से तैयार कर अंतिम चरण पर पहुंचे हैं, तो वहीं कई मूर्तिकार माता की प्रतिमा को आकृति दे रहे हैं तथा कई जगहों में माता दुर्गा की प्रतिमाओं का रंगरोगन भी किया जा रहा है।

आगामी 10 दिनों बाद जिले के तमाम देवी मंदिरों में ज्योतिकलश व जंवारा के साथ माता दुर्गा की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सार्वजनिक जगहों पर समितियों द्वारा पंडाल सजाकर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए भव्य रूप से आकर्षक पंडाल सजाने का काम शुरू हो गया है। शहर में करीब दर्जन भर अलग-अलग जगहों में पंडाल सजाने की तैयारी चल रही है, जहां माता दुर्गा की प्रतिमा विराजमान होंगी।

**जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में भक्तों की रहेगी भीड़-** जिले के आस्था के केंद्र गंगा मैया मंदिर, सियादेवी, रानीमाई, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व के पूरे 9 दिनों तक भक्तों का तांता लगा रहेगा। इन मंदिरों में रोजाना हजारों भक्त अपनी मनोकामना लेकर मत्था टेकने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए मंदिर समितियों द्वारा व्यवस्था की जा रही है। मंदिरों को विभिन्न तरह के फूलों व पंडालों से तथा लाइटिंग सिस्टम से सजाने का कार्य तथा रंगरोगन किया जा रहा है।

**सियासत : सदस्यों ने अधिकारियों पर लगाए गलत जानकारी देने का आरोप**

# हंगामेदार रही जिपं की सामान्य सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत की सामान्य सभा हंगामेदार रही। इस दौरान सदस्यों ने अधिकारियों पर लापरवाही बरतने तथा गलत जानकारी देने के गंभीर आरोप लगाए। बैठक में सदस्यों ने आबकारी विभाग के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने अर्जुन्दा शराब दुकान के सेल्समेन के नाम से दो जगह से वेतन निकालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सेल्समेन को एक दुकान के सेल्समेन के नाम से और दूसरा ऑफिस में ड्राईवर के नाम से एक ही व्यक्ति को एक माह में दो जगह से भुगतान किया जा रहा है। यह बड़े फर्जीवाड़े का संकेत है। इसकी जांच की मांग करने पर सीईओ जिला पंचायत ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सेल्समेन एवं सुपरवाईजर का वेतन वृद्धि होने के कारण सेल्समेन एवं सुपरवाईजर से प्रतिमाह सेल्समेन से 7 हजार वापस लेना और सुपरवाईजर से 10 हजार वापस लेने की बात को सामान्य सभा की बैठक में रखा। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने देशी शराब दुकानों में आहता प्रारंभ होने से पहले कुछ लोगों को देशी शराब की शीशी उठाने का ठेका दिया था, लेकिन जिला आबकारी अधिकारी द्वारा इसका विभाग में कहीं उल्लेख नहीं किया गया है। अवैध शराब पर कार्रवाई की मांग की है।

- एक ही व्यक्ति द्वारा दो पदों पर कार्य करने के नाम पर वेतन आहरण करने की शिकायत

**नहर लाइनिंग कार्य में अनियमितता का आरोप-** सिंचाई विभाग के मामले में संध्या भारद्वाज ने विभाग की खिंचाई की। संध्या भारद्वाज ने नहर लाईनिंग में अनियमितता की बात उठाई। निर्माण के समय क्षेत्रवासियों ने बहुत शिकायत की, पर विभाग मौन रहे और गुणवत्ता पूर्ण कार्य होने का हवाला दिया। लेकिन, 4 माह में ही घटिया निर्माण की पोल पहली बारिश में खुल गई। नहर लाईनिंग जगह जगह टूट गई है। नहर लाईनिंग जिसकी अभी से मरम्मत की जा रही है। संध्या भारद्वाज ने ठेकेदार का भुगतान रोकने और विभाग से कार्रवाई की मांग की।

### सड़क की गुणवत्ता पर उठाए सवाल




पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने शिक्षा विभाग का मामला उठाते हुए कहा कि गुण्डरदेनी ब्लाक के ग्राम पंचायत रजोली में स्कूल माध्यमिक शाला को तोड़ दिया है, जिसके कारण स्कूल प्रांगण खुला है। उन्होंने तत्काल 20 लाख की राशि स्वीकृत करने की मांग की क्योंकि खुला होने के कारण विभिन्न प्रकार की परेशानी हो रही है। पूर्व में कई बार अवगत कराने पर भी स्वीकृति नहीं मिली है। पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि सकरौद डिस्टीब्यूटर में गुरेदा माइनर के अर्जुनी परसोदा सब माईनर 15 दिन से टूटा पड़ा है, जिसकी मरम्मत तत्काल कराई जाए। विभाग मौके का निरीक्षण करके भी काम नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण किसानों के खेत में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सुरेगांव से बीजा भाटा सड़क निर्माण में गुणवत्ता नहीं बनते जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन शिकायत पर विभाग ने जवाब दिया है कि रोड का काम कर दिया गया है। रिपेयर वर्क इन करके गलत जानकारी दी गई। इस पर पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने विभाग पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया और सड़क की मरम्मत तत्काल करने का कहा। उसी प्रकार से भुरकाभाट से घीना रोड़ की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जाहिर किया, दोनों रोड की तुरंत मरम्मत कराने की मांग की।

### पीएचई की लापरवाही से फैल रहा डायरिया : ललिता



वहीं, सदस्य ललिता पीमन साहू ने पीएचई विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण ही ग्रामों में डायरिया फैल रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य अधूरे हैं, उसे तत्काल पूरे करें, ठेकेदारों को नोटिस जारी करें और कार्य को पूरा कराएं। होरीलाल रावटे ने बताया कि संजारी गांव में ठेकेदार द्वारा सीसी रोड को तोड़ दिया है, जिसे महीनों बाद भी सुधारा नहीं गया है जिसे तत्काल पूरे करें। विभाग के गोलमोल जवाब से सदस्य को भूख हड़ताल में बैठने की चेतावनी बैठक में देना पड़ा।



## विधायक कुंवर सिंह ने भीमकन्हार में डेढ़ करोड़ के विकासकार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ग्राम भीमकन्हार में एक करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया।

- विभिन्न निर्माणकार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

विधायक निषाद ने खाद गोदाम एवं कुटीर भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को आर्थिक मजबूती देने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया है। कांग्रेस ने कभी झूठ और धर्म का सहारा नहीं लिया। देश के हित में हमेशा कार्य किया है। महिलाओं की सशक्तिकरण का कार्य किया है। आज महिलाएं घर से निकाल कर प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है।

इस दौरान विधायक निषाद ने प्राथमिक शाला भवन निर्माण 10.50 लाख, सीसी रोड निर्माण 30 लाख, आरसीसी नाली निर्माण 16 लाख, खाद गोदाम निर्माण 26 लाख, कुटीर भवन निर्माण 13 लाख, चऊरा निर्माण 12 लाख, टीन शेड निर्माण चार लाख, शिवम कला मंच निर्माण 1.50 लाख, शौचालय निर्माण 0.85 लाख, व्यायाम शाला निर्माण 5 लाख, देवगुड़ी निर्माण 2.50 लाख, सोलर स्ट्रीट लाइट 29 लाख, सार्वजनिक शौचालय निर्माण 4.50 लाख, हाई मास्क लाइट, आदिवासी भवन में किचन निर्माण, प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में वाटर कूलर का लोकार्पण किया। विधायक ने आदिवासी भवन में पाइप लाइन विस्तार तथा कचरा कलेक्शन शेड निर्माण का भूमि पूजन किया।

# दवा से नहीं मरे कीट, चौपट हो गई 35 एकड़ की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



दुकानदार द्वारा दी गई दवाई से 20 से अधिक किसानों की फसल के कीट तो नहीं मरे, लेकिन उनकी लगभग 35 एकड़ खेत की धान की फसल जरूर चौपट हो गई। किसानों ने मामले की शिकायत विधायक संगीता सिन्हा से की। विधायक संगीता सिन्हा ने कलेक्टर से भेंट कर किसानों को मुआवजा देने व दुकानदार व दवाई निर्माता कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

- ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा के किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत

मामला विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा का है, जहां ग्राम सांकरा के दर्जनभर किसानों ने एक दुकानदार से दवाई लेकर कीट नियंत्रण के लिए खेतों में डाला। दवा डालने से खेत के कीड़े तो नहीं मरे, लेकिन पूरी फसल बर्बाद हो गई। इससे किसानों को लाखो का नुकसान हो गया।

किसानों ने मामले की जानकारी विधायक संगीता सिन्हा को दी। संगीता सिन्हा के नेतृत्व मे किसानों ने कलेक्टर से भेंटकर समस्या बताई। कलेक्टर ने तत्काल जांच के लिए टीम भेजी। संगीता सिन्हा ने कहा कि मामले में जिस दवाई से किसानों को नुकसान हुआ है उस कंपनी के मालिक एवं जिस दुकानदार ने दवाई बेची है, उस दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई कर किसानों को हुई फसल क्षति की पूरी राशि दी जाए। क्योंकि फसल पूरी तरह तैयार हो चुकी थी।

### विधायक संगीता ने की नुकसान की भरपाई करवाने की मांग



संगीता सिन्हा ने कहा कि किसानों की फसल ही बर्बाद नहीं हुई है, बल्कि उनका सपना भी टूटा है। किसान फसल के विक्रय से मिलने वाली राशि से बच्चों की फीस, घर निर्माण, बच्चों की शादी करने जैसी योजना बनाते हैं। फसल के पूरी तरह बर्बाद होने से उनके समक्ष विकट समस्या खड़ी हो गई है। जिनकी फसल खराब हुई है, उनमें से कुछ ने दूसरों के खेत को रेगहा में लिया था, फसल बर्बाद होने से फसल उत्पादक किसान को भू स्वामी को भुगतान करने की समस्या खड़ी हो गई है। संगीता सिन्हा ने कहा कि किसानों के नुकसान की पूरी तरह भरपाई होनी चाहिए।

## प्रमोद को दुर्ग संभाग का सदस्यता अभियान सह प्रभारी बनाया गया



गुण्डरदेही। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय रायपुर में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को गति देने के लिए निर्णय लिया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव व संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना ने सदस्यता अभियान के लिए संभाग प्रभारी व सह प्रभारी की घोषणा की है। जिसमें दुर्ग संभाग के सदस्यता सह प्रभारी व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रमोद जैन गुण्डरदेही को नियुक्त किया गया है। प्रमोद जैन ने बताया कि दुर्ग संभाग के जितने भी जिले हैं वहां दौरा कर बैठक ली जाएगी। दुर्ग संभाग में कुल 7 जिले आते हैं, जिनमें बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं राजनांदगांव शामिल हैं। इन सभी जिलों के जिला अध्यक्ष व व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष से चर्चा कर जिला प्रभारी एवं सदस्य की नियुक्ति की जाएगी। इससे सदस्यता अभियान के तहत अधिक से अधिक लोग जुड़कर भाजपा के सदस्य बनेंगे। जैन ने बताया कि प्रदेश एवं भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा एक लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हम सब मिल कर सक्रियता के साथ पूरा करेंगे।

# गायत्री प्रज्ञापीठ डौण्डीलोहारा में हुआ गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के अंतर्गत गायत्री प्रज्ञापीठ डौण्डीलोहारा में दस गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार कराया गया। गर्भवतियों को श्रेष्ठ संतान कैसे प्राप्त करें, इस हेतु शास्त्र उक्त महत्व एवं प्रभाव बताते हुए आचार्य तुलसी साहू ने कहा कि प्राचीन काल में यह संस्कार ऋषि महर्षियों द्वारा कराया जाता था, जिससे उनकी संतान ऊर्जावान प्रखर बुद्धि संपन्न एवं देववृत्ती की होती थी। पुंसवन संस्कार वेद शास्त्र वर्णित 16 संस्कारों में एक महत्वपूर्ण संस्कार है। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं सुभद्रा का पुंसवन संस्कार किया था, जब गर्भ में अभिमन्यु था। उसके प्रभाव से अभिमन्यु के रूप में प्रखर संतान की उत्पत्ति हुई। अष्टावक्र जी जो समस्त वेदों के ज्ञाता थे। जब माता के गर्भ में थे उनका पुंसवन संस्कार ऋषि द्वारा किया गया था, जिससे अष्टावक्र जी जैसे ब्रह्म ज्ञानी पैदा हुए। इसी प्रकार राक्षस कुल में भागवत भक्त प्रहलाद जैसी संतान उत्पन्न हुई। वर्णित है कि जब प्रहलाद मां के गर्भ में थे, तब महर्षि नारद ने उनकी माता का पुंसवन संस्कार किया था। वह सारे संसार में भक्त प्रहलाद के नाम विख्यात हुए एवं भक्त शिरोमणि कहलाए। इसी तरह माता सीता का गर्भ संस्कार वाल्मीकि आश्रम में हुआ, स्वयं महर्षि वाल्मीकि ने गर्भवती सीता का पुंसवन संस्कार किया, जिससे उन्हें लव कुश जैसे देवतुल्य संतानों की प्राप्ति हुई। इस अवसर पर रेखा साहू, सुमन साहू, श्रुति साहू, विदेशी राम चौहान, दूरदेशीराम प्रधान,रिया जगनायक,भान आरेंद, टेमिन ढलनिया, भारती साहू,वैशणी नाग,विभा कोसमा, लक्ष्यद्वीप मंडावी,नीलम, देवबत्ती,निशा मालेकर आदि का सहयोग रहा।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

**फार्म - अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**(नियम - 6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक छत्रपाल देवांगन आ. श्री टिकेन्द्र देवांगन, जाति कोष्टा, आयु 25 वर्ष निवासी ग्राम कुरदी, थाना व तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका प्रीती रात्रे आ. श्री कार्तिकराम रात्रे, जाति सतनामी, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम खैरा, तह कसडोल, जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 10/10/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि - 10/10/2024

मुहर

**अपर कलेक्टर,**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

## कुराश की राष्ट्रीय स्पर्धा में अमन का चयन



गुरूर। बलौदाबाजार में आयोजित राज्यस्तरीय कुराश प्रतियोगिता में नेशनल के लिए अमन हिरवानी का चयन हुआ। अमन हिरवानी स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरुर के कक्षा 11वी कॉमर्स का छात्र है। उक्त प्रतियोगिता बलौदाबाजार में हुई। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य बीपी.यादव सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ यश्वनी का चयन

**बालोद।** गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिचबोड़ निवासी यश्वनी मंडावी का चयन कूडो (कराते) खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता गुजरात में आयोजित की जाएगी। यश्वनी मंडावी जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर से मिलने पहुंची। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपनी शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने कूडो खिलाड़ी यश्वनी को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। विदित हो कि यश्वनी पूर्व में विशाखापट्टनम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी शामिल हो चुकी हैं, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया था। अब गुजरात में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जाएंगी।

### जिले के 77 हितग्राहियों ने किया रामलला दर्शन



**डौंडीलोहारा।** रामलला दर्शन योजना (अयोध्या धाम) अंतर्गत जिला बालोद से 77 हितग्राहियों का जत्था श्री राम जन्मभूमि पहुंचा। वहां उन्होंने श्री रामलला के दर्शन किए। जत्थे का प्रतिनिधित्व कर रहे योगेन्द्र पाल सिन्हा, संजय सिन्हा, खिलावन ठाकुर, महेन्द्र बगमारिया ने 77 हितग्राहियों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया। श्री रामलला का दर्शन कराने के लिए सभी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पर्यटन विभाग का आभार जताया है।

### उत्तम साव की पुण्य तिथि पर आज विविध कार्यक्रम

**अंडा।** तहसील स्तरीय दाऊ उत्तम साव पुण्य तिथि संस्मरण, महिला सशक्तिकरण, रक्तदान शिविर, प्रतिभा सम्मान एवं



आजीवन सदस्य तहसील साहू संघ सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 22 सितंबर को ग्राम बोरई में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे, अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग जिला करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, रमशीला साहू, जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू सहित समाज के लोग शामिल होंगे।

**कार्यक्रम :** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अंचल में हो रहे विविध कार्यक्रम

# स्वच्छता स्वस्थ व सुंदर जीवन का आधार, हमारे आसपास को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



ग्राम बटरेल (शक्ति केंद्र बटरेल) में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सह संयोजक अध्यक्ष किसान मोर्चा दक्षिण पाटन कमलेश साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल प्रांगण एवं बाजार चौक बटरेल की साफ सफाई की। इस अवसर पर कमलेश साहू ने कहा कि स्वच्छता सुंदर जीवन का आधार है। स्वच्छता से ही शरीर में अच्छी सेहत और अच्छे विचारों का समागम होता है। उन्होंने कहा कि अपने मोहल्ले गांव और राष्ट्र को स्वच्छ बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर कमलेश साहू, सरपंच बटरेल अभयराम ठाकुर, रामकुमार निर्मलकर, कमलेश यादव, सूरज निर्मलकर, अनेश्वर साहू, कौशल सपहा, पप्पू चंद्राकर, खिल्लू साहू ने स्वच्छता अभियान में सराहनीय भूमिका निभाई।

- बटरेल शक्ति केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शाला प्रांगण व बाजार चौक की सफाई की

### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बालोद/कलंगपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला द्वारा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रांगण की साफ सफाई की गई। इस कार्यक्रम में दलनायिका धारणा साहू, उप दलनायक राजेश कुमार, खिलजा, डुमेश, तुषार, मुकुंद, नेहा, भूपेश, छत्रपाल, रितु साहू, हेमपुष्पा, विद्या एवं सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।




### घर-घर पहुंचकर कचरा इकट्ठा कर रही हैं स्वच्छाग्रही समूह की महिलाएं

**डौंडीलोहारा।** स्वच्छता के लिए लमती की स्वच्छाग्रही समूह की महिलाएं निरंतर कार्य कर रही हैं। इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत तुमडीकसा द्वारा प्रदान की गई ट्राईसिकल से घर घर जाकर कचरा एकत्रित कर रही हैं। इसके तहत वे ग्राम पंचायत के चारों आश्रित ग्राम लमती, जरहा लमती, तुएगोंदी व तुमड़ीकसा में बारी-बारी से घर-घर जाकर गीला और सूखा कचरा एकत्रित कर रही हैं। साथ ही गली मोहल्ले की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छ ग्राम पंचायत बनाने की उदेश्य से कार्य इतनी उमस भरी गर्मी में भी कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी पंचायतवासियों से स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपने घर से निकले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करके रखने और घर आने वाली स्वच्छाग्रही सदस्यों को देने की अपील कर रही हैं।



### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आत्मानंद स्कूल में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नया बाजार राजहरा में 20 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सेजस नया बाजार राजहरा में स्वच्छता संबंधित विषयों पर निबंध, चित्रकला, स्लोगन, कविता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन हायर, मिडिल व प्राइमरी तीनों विंग में अलग-अलग किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर, टी.आर.रानाडे, प्राचार्य, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष एवं सेजस द्वारा ने सभी प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया। उनकी कृति को देखा। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को स्वच्छता अपनाने को कहा, साथ ही उन्हें अपने आसपास भी साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया।






## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर आईटीआई में हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर 20 सितम्बर को वर्धा (महाराष्ट्र) में आयोजित कार्यक्रम से विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित होने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा में कार्यक्रम रखा गया था। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 68 हितग्राही विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर प्राचार्य कुसुम साहू ने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षण अधिकारी फनील कुमार, प्रवीण सिन्हा, शिल्पी वर्मा, विरेंद्र बघेल, गीतू गौतम, ट्रेनर शिउली बर का विशेष सहयोग रहा।



कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक तथा छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के अनिरुद्ध ने लोन तथा डिजिटल पेमेंट के संबंध में जानकारी प्रदान की।

## पिसेगाँव में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत पिसेगाँव में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण दिवस का आयोजन किया गया ग्राम सरपंच गुलाब बाई बांधे, जनपद सदस्य विक्की मिश्रा, सचिव रश्मि राजपूत और महिला बाल विकास पर्यवेक्षक देवकी साहू की उपस्थिति में जिसमें गोद भराई व अन्नप्राशन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता भी आयोजन किया गया। पर्यवेक्षक देवकी साहू ने स्थानीय अनाज, भाजी और फल से भोजन को और कैसे पौष्टिक बनाया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी दी। इस दौरान माताओं के लिए व्यंजन और स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ता प्रभा, लता और राजेश्वरी ने रेडी टू ईट से अन्य पौष्टिक व स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की विधि बताई। सरपंच गुलाब बाई ने भाजी और सचिव रश्मि ने अंकुरित अनाज के फायदे बताए। कार्यक्रम में पंचायत के सभी पांच समूह के सदस्य, एएनएम गिरिजा और ग्रामवासी शामिल हुए।

## पाटेश्वरधाम में शुरू हुआ दक्षता और क्षमता विकास वर्ग शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पाटेश्वरधाम में एकल अभियान अंचल दक्षता एवं क्षमता विकास वर्ग जिला राजनांदगांव व कांकेर एकल विद्यालय अभियान के तहत 6 दिवसीय दक्षता एवं क्षमता विकास वर्ग का शुभारंभ किया गया है। 20 से 25 सितंबर तक पाटेश्वरधाम में आयोजित दक्षता एवं क्षमता विकास वर्ग के उद्घाटन सत्र में संत श्रीराम बालक दास जी महात्यागी का मार्गदर्शन प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त हुआ ।संत श्री राम बालक दास जी महात्यागी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन संस्कृति कायम रखने के लिए आज की नई पीढ़ी को संस्कारों के प्रति जागरूक करना होगा। इस समय वनांचलों में एक लाख विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एकल विद्यालय के माध्यम से प्राचीन संस्कृति को बढ़ावा देने विशेष मुहिम चलाई जा रही है। एकल विद्यालय अभियान के माध्यम से हमारी संस्कृति की रक्षा होगी। हमारी संस्कृति दिनों दिन आखों के सामने से ओझल हो रही है। हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने जो शिक्षा जनमानस तक पहुंचाई थी, वह अब दम तोड़ती नजर आ रही है। उसे बचाने एकल विद्यालय एक सराहनीय प्रयास है। पाटेश्वर आश्रम मां कौशल्याधाम जैसे तपोभूमि में शिविर का आयोजन अपने आप में महत्वपूर्ण है। इस आरण्यक वातावरण में आप सभी की लक्ष्य पूर्ति हो। इस अवसर पर एकल विद्यालय अभियान के वरिष्ठ कार्यकर्ता जागेश्वर सिंह कांकेर, जगत राम यादव, धनराज मंडावी राजनादगांव, जीवन यादव, राजेंद्र यादव, ललित साहू, गणेश राम, प्रेमा ठाकुर, अनीता मरकाम प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

## गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन ने किया यश्वनी व विभा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



कुडो नेशनल खिलाड़ी को गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन जिला बालोद द्वारा सम्मान करते हुए सहयोग राशि प्रदान की गई। आदिवासी समाज की दो होनहार बेटियां आगामी 5 से 12 नवम्बर तक गुजरात के सूरत में होने जा रही नेशनल कूडो प्रतियोगिता में भाग लेकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। विभा गावड़े ग्राम गुदुम विकास खण्ड डौडी जिला बालोद व यश्वनी मण्डावी ग्राम चिचबोड विकास खण्ड गुण्डरदेही जिला बालोद दोनों प्रतिभागी आदिवासी समाज की बेटियां हैं। उक्त खेल में जाने के लिए आर्थिक सहयोग की सामाजिक बन्धुओं से अपेक्षा करते हैं। इन दोनों बालिकाओं का सम्मान करने वालों में सुनील कुरेटी जिलाध्यक्ष गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन जिला बालोद तुलेश्वर हिचामी जिला महासचिव देवकुमार कोर्राम, रेवा रावटे, कुजेश्वर ठाकुर, भगवान दास, देवेंद्र कोर्राम, बलराम टेकाम रुस्तम मण्डावी आरती कुमेटी समीर धुर्वे सुजित गावड़े सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

24x7 EMERGENCY SERVICE 1800-889-2092
AAROGYAM
Superspeciality Hospital & Research Center
स्वस्थ जीवन के लिए सदैव समर्पित
बारिश में होने वाली सामान्य बीमारी
बुखार, सर्दी - जुकाम, खांसी, सांस फूलना, जुलाब, उल्टी, आँख लाल होना और पेट में तकलीफ ........
» मलेरिया » चिकनगुनिया » टाइफाइड » स्वाइन फ्लू » डेंगू
हमारे डॉक्टरों से परामर्श लें फीवर क्लिनिक में
DR RAJESH SINGHAL
MD. DNB (INTERNAL MEDICINE) CCEBDM, ACMDC (DIABETES)
DR VISHAL AGARWAL
MBBS, DNB (INTERNAL MEDICINE)
9755421861,0788-2990458
NH53, टोयोटा शोरूम के सामने, डी-मार्ट के पास, कादंबरी नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़
info@ashaarogyam.com ashaarogyam.com Aarogyam Hospital

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
● नॉर्मल डिलीवरी
● सिजेरियन
● हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
● बच्चेदानी का ऑपरेशन
● बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
13 नवंबर 2024
28 नवंबर 2024
19 दिसंबर 2024
10 जनवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
23 जनवरी से 04 फरवरी 2025
20 फरवरी से 04 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखर (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411